भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3449
सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**समुद्री पर्यटन संवर्धन**

**†3449. कैप्टन बृजेश चौटा:**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में समुद्री पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष योजनाएं या नीतियां बनाई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा देश भर के प्रमुख पत्तनों और पर्यटन स्थलों पर क्रूज टर्मिनलों और संबद्ध अवसंरचना के विकास के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार वैश्विक समुद्री पर्यटन में भारत की उपस्थिति बढ़ाने के लिए निजी हितधारकों अथवा अंतर्राष्ट्रीय क्रूज प्रचालकों के साथ सहयोग कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) मंगलुरू जैसे तटीय शहरों को समुद्री पर्यटन केन्द्रों के रूप में बढ़ावा देने के लिए की गई पहलों सहित क्रूज पर्यटन विकास के लिए पहचान किए गए संभावित क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान पर्यटकों की संख्या और समुद्री पर्यटन से अर्जित राजस्व का ब्यौरा क्या है और अगले दशक में इसमें कितनी वृद्धि होने का अनुमान है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय और जहाजरानी मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से भारत में क्रूज पर्यटन के विकास के लिए एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के समन्वित प्रयासों के लिए सभी प्रमुख बंदरगाहों के प्रतिनिधियों और हितधारकों के साथ क्रूज पर्यटन पर एक कार्य बल का गठन किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' और 'स्वदेश दर्शन' नामक योजनाओं के तहत पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने पर क्रूज पर्यटन और नदियों के किनारे

परिभ्रमण सहित पर्यटन के विकास के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है। स्वीकृत परियोजनाओं के विवरण **अनुबंध-I** और **अनुबंध-II** में दिए गए हैं।

केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों को शामिल करके सरकार का संपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करने के उद्देश्य से 30 सितंबर, 2024 को क्रूज़ भारत मिशन शुरू किया गया है। वर्तमान में छह प्रमुख बंदरगाहों में क्रूज़ टर्मिनल हैं, ये हैं, आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम बंदरगाह, गोवा में मोरमुगाओ बंदरगाह, कर्नाटक में न्यू मैंगलोर बंदरगाह, केरल में कोचीन बंदरगाह, महाराष्ट्र में मुंबई बंदरगाह और तमिलनाडु में चेन्नई बंदरगाह।

पिछले 5 वर्षों यानी 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2024 तक प्रमुख बंदरगाहों पर यात्रियों की संख्या इस प्रकार है:

| **वर्ष** | **यात्रियों की संख्या** |
|---|---|
| 2019-2020 | 4,74,999 |
| 2020-2021 | 593 |
| 2021-2022 | 1,35,919 |
| 2022-2023 | 4,26,842 |
| 2023-2024 | 4,71,685 |
| **कुल** | **15,10,038** |

*****

**अनुबंध-I**

कैप्टन बृजेश चौटा द्वारा समुद्री पर्यटन संवर्धन के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3449 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत बंदरगाहों और जलमार्गों पर अवसंरचना के विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः**

**(राशि लाख रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **कार्यान्वयन एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तमिलनाडु | 2012-13 | चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 1724.66 |
| 2 | गोवा | 2014-15 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज़ टर्मिनल बिल्डिंग | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 879.04 |
| 3 | केरल | 2016-17 | विलिंग्डन द्वीप, कोचीन, केरल पर एक वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 901.00 |
| 4 | केरल | 2016-17 | एर्नाकुलम घाट के बर्थ एवं बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 2141.00 |
| 5 | महाराष्ट्र | 2016-17 | एक पर्यटक स्थल के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1500.00 |
| 6 | महाराष्ट्र | 2017-18 | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज़ टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1250.00 |
| 7 | गोवा | 2018-19 | मोरमुगाओ में आप्रवासन सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज़ बर्थ को गहरा करना | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 1316.40 |
| 8 | केरल | 2018-19 | कोचीन पोर्ट क्रूज़ टर्मिनल पर बुनियादी ढांचे का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 120. 79 |
| 9 | केरल | 2018-19 | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 466.47 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | निर्माण | | |
| 10 | आंध्र प्रदेश | 2018-19 | विशाखापत्तनम बंदरगाह के बाहरी हार्बर में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज़-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 3850.00 |
| 11 | केरल | 2019-20 | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए सीएफए | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1029.70 |
| 12. | गोवा | 2021-22 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट (एमपीटी) द्वारा मोरमुगाओ बंदरगाह, गोवा में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रूज जहाजों के लिए सुविधाओं का निर्माण | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 5000.00 |
| 13. | महाराष्ट्र | 2021-22 | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज़ टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 3750.00 |
| | **कुल** | | | | **23929.06** |

*****

**अनुबंध-II**

कैप्टन बृजेश चौटा द्वारा समुद्री पर्यटन संवर्धन के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3449 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत तटीय परिपथ और क्रूज परियोजना के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2014-15 | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अदुरू - एस यानम - कोटिपल्ली में परिपथ का विकास | 67.83 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2015-16 | नेल्लोर, पुलिकट झील, उब्बलामादुगु जलप्रपात, नेलापट्टू पक्षी अभयारण्य, मायपाडु बीच, रामतीर्थम का विकास | 49.55 |
| 3. | पुडुचेरी | 2015-16 | डबरायपेट, अरिकामेडु चीन वीरमपट्टिनम, चुन्नबमार, नल्लावडु, मनापेट, कालापेट, फ्रेंच क्वार्टर, तमिल क्वार्टर और यानम का विकास | 58.44 |
| 4. | पश्चिम बंगाल | 2015-16 | बीच परिपथ: उदयपुर-दीघा-शंकरपुर-ताजपुर-मंदारमणि-फ्रेजरगंज-बखलाई-हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 |
| 5. | महाराष्ट्र | 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ (शिरोडा बीच, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और क्रीक), देवगढ़ (किला और समुद्र तट), मितभाव, टोंडावली, मोसेहमद और निवती किला) का विकास | 19.06 |
| 6. | गोवा | 2016-17 | सिंक्वेरिम-बागा, अंजुना-वागाटोर, मोरजिम-केरी, अगुआड़ा किला और अगुआड़ा जेल का विकास | 97.65 |
| 7. | ओडिशा | 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सातपदा और तम्पारा का विकास | 70.82 |
| 8. | अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | 2016-17 | लॉन्ग आइलैंड-रॉस स्मिथ द्वीप- नील द्वीप-हैवलॉक द्वीप- बाराटांग द्वीप-पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | तमिलनाडु | 2016-17 | चेन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-कुलसेकरनपट्टिनम-कन्याकुमारी का विकास | 73.13 |
| 10. | गोवा | 2017-18 | रुआ डे ओरम क्रीक - डॉन पाउला - कोलवा - बेनौलीम का विकास | 99.35 |
| 11. | केरल | 2018-19 | क्रूज पर्यटन परियोजना के तहत मालानाड मालाबार का विकास | 57.35 |
| | **कुल** | | | **688.74** |

*****